<u>संगठन की राजभाषायी गतिविधियां</u>

पेसो में राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार तथा प्रगामी प्रयोग की गति बढाने के उद्देश्य से पूर्व की भॉति इस तिमाही में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

<u>पेसो, नागपुर -</u>

<u>विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2012-2013 की तृतीय बैठक का आयोजन</u>

31 दिसंबर 2012 को समाप्त तिमाही के लिए विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2012-2013 की तृतीय बैठक 17 जनवरी 2013 को अपराह्न 5.00 बजे मुख्य विस्फोटक नियंत्रक एवं अध्यक्ष, राजभाषा श्री टी.आर. तोमस की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी । बैठक में पेट्रोलियम डॉट(.)नेट, विस्फोटक अनुज्ञप्ति मॉड्यूल के अनुवाद कार्य/द्विभाषीकरण की कार्ययोजना तथा इस संबंध में निर्णय लिए गए । अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी कार्यालय अधिक्षको तथा सहायको को यह निदेश दिया गया कि हिन्दी कार्य की प्रतिशतता बढाने के लिए नियमित प्रकार की टिप्पणियां हिन्दी में ही लिखे तथा द्विभाषी अनुज्ञप्ति माड्यूल का ही प्रयोग करने का निर्देश दिया । अन्य मदों के साथ कार्यालय में हिन्दी वर्तनी विषय पर हिन्दी कार्यशाला के आयोजन, आदि के बारे में निर्णय लिए गए ।

<u>हिन्दी कार्यशाला का आयोजन</u>

वर्तनी का सीधा संबंध उच्चारण से होता है। हिन्दी में जो बोला जाता है वही लिखा जाता है। यदि उच्चारण अशुद्ध होगा तो वर्तनी भी अशुद्ध होगी। प्रायः अपनी मातृभाषा या बोली के कारण तथा व्याकरण संबंधी ज्ञान की कमी के कारण उच्चारण में अशुद्धियाँ आ जाती हैं जिसके कारण वर्तनी में भी अशुद्धियाँ आ जाती हैं।

कार्यालयीन कार्य में वर्तनी त्रूटिरहित करने के दृष्टिकोण से दि. 21.02.2013 को **हिन्दी वर्तनी बोध**" इस विषय पर हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया । **श्री रवीन्द्र देवघरे**, **सहायक निदेशक(राजभाषा)**, **मुख्य आयकर आयुक्त का कार्यालय**, **आयकर विभाग** द्वारा इस कार्यशाला को बेहद सरल सुलभ तरीके से संबोधित किया जिसे सभी ने सराहा । इस अवसर पर उन्होने हिंदी सीखन वालो के लिए विकसित एक हिन्दी व्याकरण पुस्तक/स्लेट की उपयोगिता की भी जानकारी दी ।

<u>राजभाषा संगोष्ठी में सहभाग</u>

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मध्य रेल, नागपुर कार्यालय में प्रथम विश्व हिन्दी दिवस की स्मृति में "वैश्विक परिपेक्ष्य में कार्यालयों में राजभाषा की स्थिति एवं संभावनाएं" विषय पर

दिनांक 29.01.2013 को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मध्य रेल, नागपुर में आयोजित राजभाषा संगोष्ठी में कार्यालय की हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली एस. चिरडे ने भाग लिया । इस संगोष्ठी में प्रो. अनंतराम त्रिपाठी, प्रधानमंत्री, राजभाषा प्रचार समिति, वर्धा, डॉ. रेणू बाली, हिन्दी विभाग प्रमुख, मॉरिस कॉलेज, नागपुर, डा. सतीश आर. वटे, निदेशक, नीरी एवं अध्यक्ष नराकास, नागपुर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थिति थे ।

<u>आगरा कार्यालय</u>

- दिनांक 08.02.2013 को आगरा कार्यालय में "अनुज्ञप्तियों का नवीनीकरण- त्वरित निस्तारण के उपाय" विषय पर वर्ष 2012-2013 की चतुर्थ त्रैमासिक हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला को डा. ए. के. यादव, उप.मु.वि.नि. द्वारा संबोधित किया गया ।

<u>फरीदाबाद कार्यालय</u>

- दिनांक 28.03.2013 को फरीदाबाद कार्यालय में "हिन्दी शब्दावली तथा पत्र लेखन" विषय पर हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसे श्री नरेश कुमार अरोडा, सहायक निदेशक, (राजभाषा), विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, फरीदाबाद द्वारा संबोधित किया गया ।

<u>जयपुर कार्यालय</u>

- दि. 21.03.2013 को वर्ष 2012-13 की कार्यालय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की हिन्दी सभा एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

<u>इलाहाबाद कार्यालय</u>

- दि. 25.03.2013 को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला में श्री आर. एन. मीना, उप मुख्य विस्फोटक नियंत्रक /कार्यालय प्रमुख द्वारा राजभाषा अधिनियम पर संबोधन किया गया ।

<u>रांची कार्यालय</u>

- दि. 04.03.2013 को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला में प्रमुख वक्ता श्री पी. के. सिन्हा, प्रबंधक (खुदरा अभियांत्रिकी) मेसर्स हिन्दुस्थान पेट्रोलियम का. लि., रांची एवं श्री आनन्द प्रकाश, प्रबंधक(परिचालन) मेसर्स हिन्दुस्थान पेट्रोलियम का. लि., रांची द्वारा संबोधन किया गया ।